हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, सोमवार 17 जून 2024

11 ग्रामीणों को दिलाई ड्रग को ना, जीवन को हां की शपथ



12 नप चेयरमैन ने किया पीपीपी डाटा सत्यापन कैंपों का निरीक्षण




# WORLD COLLEGE
OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT, FARUKHNAGAR, GURGAON
(Approved by AICTE Ministry of HRD Govt of India and Affiliated to MDU Rohtak)

PROMOTING EXCELLENCE

FOUNDED & PROMOTED
EX IITIANS & EX IIMIAN

**NO.1 IN GURUGRAM**

BY TIMES ENGINEERING & BBA SURVEY
FOR THE 4TH CONSECUTIVE YEAR 2024, 2023, 2022 & 2021

YOUR FUTURE
OUR PLACEMENTS

BEST PLACEMENT RECORDS



+91 8607788740 / 39
WCTMGURGAON.COM

## B.TECH
- Artificial Intelligence & Data Science Engineering
- Artificial Intelligenge & Machine Learning Engineering
- Computer Science & Design Engineering
- Mechanical & Automation Engineering
- Robotics & Artificial Intelligence Engineering
- Computer Science Engineering
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering


BBA | BCA | MBA | MCA
M.TECH | DIP. ENGG. | B.ED | M.ED

**296** Companies for the session 2023-24.
**4000+** Students, **2600+** Shortlisted Students,
**60+** Companies at Mega Job Fair 2024.


Our Centres of Excellence



Mega Job Fair 2K24



Life @ WCTM



# वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
गिरावड़, एन.सी.आर, झज्जर, हरियाणा

PROMOTING EXCELLENCE
WCMSRH



GSAA

## विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों द्वारा सम्पूर्ण व उच्चतम इलाज

- पीडियाट्रिक
- सर्जरी
- जनरल मेडिसिन
- एनेस्थीसिया
- डेंटिस्ट्री
- ईएनटी
- ऑपथैल्मोलॉजी
- साइकाइट्री
- डर्मेटोलॉजी
- ओर्थपिडीक
- ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी

## उपलब्ध सुविधाएं
24x7 सेवा उपलब्ध

- लैब सर्विसेस
- डिलीवरी
- एम्बुलेंस
- ट्रॉमा
- एनआईसीयू
- इमरजेंसी
- ब्लड बैंक



## झज्जर जिले के एवम् आस पास के इलाके में सबसे कम दरों में जाँच एवम् सुविधाएं

| | | |
|---|---|---|
| अल्ट्रासाउंड 400 रुपए | डायलिसिस 800 रुपए | CT स्कैन 500 रुपए |
| MRI 1000 रुपए | ईसीजी 200 रुपए | EEG 1200 रुपए |
| 2डी ईको 1200 रुपए | आपरेशन द्वारा बच्चे का जन्म 17000 रुपए | नॉर्मल डिलीवरी फ्री |

न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग की स्पेशल OPD सर्विसेस

वर्ल्ड हॉस्पिटल अब आयुष्मान भारत के पैनल पर भी
भारत सरकार की आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत मुफ्त ईलाज एवं ऑप्रेशन सुविधा उपलब्ध है।

## 750 बेड का सबसे बड़ा अस्पताल



WORLD COLLEGE OF PHARMACEUTICAL SCIENCES
Add. 4km Stone on, Jhajjar-Sampla Road, Girawar, Jhajjar Haryana 124103
(World Medical College Campus)
B- PHARMACY / D- PHARMACY
Admission Open 2024-25 M. 8295782514



+91 8813988098 www.facebook.com/wcmsrh www.instagram.com/wcmsrh

## खबर संक्षेप

### घर के बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

**डहीना।** कंवाली गांव से चोर रात को एक मकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में सुभाष ने बताया कि उसने अपनी बाइक रात को घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब वह उठकर घर से बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। गांव में काफी पूछताछ और छानबीन करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### दहेज उत्पीड़न मामले का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग से समझौता कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिरे नहीं चढ़ने पर पुलिस ने गत 10 मार्च को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने महेंद्रगढ़ के कनीना निवासी विकास को गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट व धमकी देने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने सरस्वती विहार में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत 12 जून को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में कॉलोनी में रहने वाले मूल रूप से सुठानी निवासी धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### आर्म्स एक्ट के तहत एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने वर्ष 2021 में दर्ज हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौधरीवाड़ा में कहासुनी के बाद नरेश ने अपनी भाभी पर फायरिंग कर दी थी। पुलिस ने हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। गिरफ्तारी के बाद नरेश ने पुलिस को बताया था कि उसने यह पिस्तौल राजस्थान के हमीरपुर निवासी गिरराज से ली थी।

# नप चेयरमैन ने किया पीपीपी डाटा सत्यापन कैंपों का निरीक्षण, नदारद मिले कर्मचारी

## कहा-कर्मचारी कर रहे सरकार की नीतियों के खिलाफ कार्य, सीएम को की जाएगी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रविवार को नगर परिषद चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने शहर में लग रहे पीपीपी डाटा सत्यापन कैंपों का निरीक्षण किया। इस दौरान कम्यूनिटी सेंटर में लगाए गए कैंप के अलावा अन्य कैंपों सैनी धर्मशाला, सवेरा स्कूल, फायर बिग्रेड कार्यालय, छावनी मौहल्ला स्थित कैंपों में कोई व्यवस्था नहीं पाई गई और कर्मचारी नदारद मिले। उन्होंने कहा कि लोगों को कैंपों का फायदा नहीं मिल रहा है, क्यूंकि कर्मचारी कार्य करने के लिए नहीं पहुंच रहे है, अधिकांश सेंटरों पर कंप्यूटर ऑपरेटर ही नहीं पाए गए। वहीं जन प्रतिनिधियों को भी कैंपों के बारे में कोई सूचना नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान जन प्रतिनिधि करते है। जन प्रतिनिधि लोगों को कैंपों में लेकर आएंगे और उनके कार्य करवाएंगे। उन्हें स्वयं भी इस बारे में सूचना नहीं मिली है।

■ लोगों को कैंपों का फायदा नहीं मिल रहा है, क्यूंकि कर्मचारी कार्य करने के लिए नहीं पहुंच रहे



झज्जर। सवेरा स्कूल में बनाए गए कैंप का निरीक्षण करने पहुंचे नप चेयरमैन खाली कुर्सियों को देखते हुए।

### कैंपों में केवल आयु त्रुटि संबंधित कार्य किए जा रहे

इस संबंध में उन्होंने जब डीसी कैप्टन शक्ति सिंह से बात की तो उन्होंने स्वीकार किया कि जन प्रतिनिधियों को कैंपों के बारें में पता होना चाहिए, जबकि एडीसी सलोनी शर्मा ने यह कह कर पल्ला झाड़ लिया कि डीएमसी को इसकी सूचना दे दी गई थी। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी सरकार की नीतियों के खिलाफ कार्य कर रहे है। जिसकी शिकायत सीएम नायब सिंह सैनी को की जाएगी और ड्यूटी पर न आने वाले कर्मचारियों और लापरवाही करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की सिफारिश की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि कैंपों में केवल आयु त्रुटि संबंधित कार्य किए जा रहे है और उसमें भी केवल वोटर आईडी कार्ड में दर्शाई गई आयु और स्कूल प्रमाण पत्र ही मान्य किए गए है। जबकि कैंपों में सभी अपडेट परिवारों को हस्ताक्षरित परिवारों में बदलना, पीपीपी डेटा जैसे जन्म तिथि सत्यापन, हस्ताक्षर संबंधी मामले, सिंगल मैंबर,मोबाइल नंबर से जुड़ी त्रुटि दुरुस्त करना सहित 12 बिंदुओं से जुड़े डेटा सत्यापन कार्य होने की बात कही गई थी। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि बिट्टू छाबड़ा, रामफल सैनी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# आगामी विस चुनाव को लेकर भाजपाईयों ने किया मंथन



झज्जर। बैठक के दौरान उपस्थित भाजपाई। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रविवार को भाजपा कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार का विश्लेषण किया गया। वहीं आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता पूरी मेहनत से कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिले का विकास करवाने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। अगर कोई अधिकारी व कर्मचारी कार्य नहीं करते है तो उनकी शिकायत सीएम नायब सिंह सैनी को की जाएगी। इस अवसर पर नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, चेयरपर्सन नीलम अहलावत, पूर्व मंत्री कांता देवी, जिला पार्षद संजय जांगड़ा, जिला महामंत्री रामफल एडवोकेट, हरि प्रकाश यादव, मंडल अध्यक्ष केशव सिंगल, अमित डीघल, कर्मवीर राठी बहादुरगढ़, महिला जिलाध्यक्ष सोमवती जाखड़, मनीष दुजाना, महेंद्र यादव, रामकुंवार राजौरा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

■ लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार का विश्लेषण किया गया

# पौने दो करोड़ में खैरपुर से पंजाब खोड़ तक बनेगी सड़क

## विधायक राजेंद्र सिंह जून ने सड़क निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विधायक राजेंद्र सिंह जून ने गांव खैरपुर से पंजाब खोड़ तक सड़क निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस सड़क के निर्माण पर एक करोड़ 74 लाख की धनराशि खर्च होगी। जून ने ठेकेदार से कहा कि सड़क निर्माण में किसी भी स्तर पर लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि टेंडर के तय मानकों के अनुसार रोड का पूरी गुणवत्ता के साथ निर्माण किया जाए ताकि लंबे समय तक लोगों को इस रोड से आवागमन की बेहतर सुविधा मिलती रहे। इस अवसर पर पंडित मोहन, सुमित मुकंदपुर, हरदीप खैरपुर, रामफल, अर्जुन, बिजेंद्र, विजयवीर, जगदीश, अमन कुलासी व रामधन आदि मौजूद रहे। इसके उपरांत विधायक राजेंद्र जून ने खैरपुर समेत कई जगहों पर आयोजित भंडारों में प्रसाद ग्रहण किया।

■ सड़क निर्माण में किसी भी स्तर पर लापरवाही सहन नहीं की जाएगी : जून



बहादुरगढ़। खैरपुर में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेंद्र सिंह जून।

# संस्कारम शिक्षा गौरव समारोह में होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रविवार को संस्कारम विश्वविद्यालय द्वारा सुपवा ऑडिटोरियम रोहतक में संस्कारम शिक्षा गौरव समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ खेल निदेशक एमडीयू डॉक्टर शंकुतला ने दीप प्रज्जवलित कर किया। संस्था के कुलाधिपति डॉक्टर महिपाल ने कहा कि संस्कारम विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य है कि हमारे विद्यार्थी ज्ञान के साथ-साथ मूल्यों और कौशल से भी परिपूर्ण हो, ताकि वे समाज के विकास में अपना योगदान दे सके। इस दौरान प्रदेश भर के बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को जिन्होंने साठ प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है, उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं जिन विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए उन्हें ट्यूशन फीस की छूट दी गई। जबकि 90 प्रतिशत से 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 50 प्रतिशत छूट, 80 प्रतिशत से 89 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 40 प्रतिशत छूट, 70 प्रतिशत से 79 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 30 प्रतिशत व 60 प्रतिशत से 69 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 10 प्रतिशत टयूशन फीस में छूट दी गई।

■ सुपवा ऑडिटोरियम रोहतक में समारोह का आयोजन किया गया




झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्यातिथि, संस्कारम स्टॉफ सदस्य एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# नर सेवा नारायण सेवा ने मनाया पितृ दिवस




बहादुरगढ़। स्व. रेवती नंदन रोहिल्ला को नमन करते वैद्य देवेंद्र रोहिल्ला व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पुराना औद्योगिक एरिया स्थित नर सेवा नारायण संस्थान में रविवार को पितृ दिवस मनाया गया। संस्थान अध्यक्ष वैद्य देवेंद्र रोहिल्ला, परिजनों व उपचारधीन रोगियों ने स्व. रेवतीनंदन रोहिल्ला की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। रोहिला ने कहा कि जीवन में पिता की भूमिका वटवृक्ष के समान होती है। जीवन में माता-पिता का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे अपने माता-पिता का सम्मान करें। क्योंकि इस धरती पर माता-पिता से बढ़कर कोई मूल्यवान पूंजी नहीं है। इसके उपरांत संस्थान में आयोजित भंडारे में मौजूद लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर स्नेहप्रकाश रोहिल्ला, आनंद रोहिल्ला, पिर्थी सिंह, महेश रोहिल्ला, रवि, राजीव , डॉ राहुल, डॉ सुनीता, सुशील रोहिल्ला, हरीश चंद्र, विनोद, रामनिवास, अमरजीत कौर, नीलम देवी, अंजना देवी, गीता देवी, मंजू बाला, लतिका रोहिल्ला व अनिल आदि मौजूद रहे।

# मांडोठी में 24 लाख से बनेगा खेतों का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जिला परिषद की ओर से गांव मांडोठी में खेतों की ओर जाने वाले रास्ते को सीमेंट कंक्रीट से पक्का करवाया जाएगा। रविवार को जिला पार्षद संजय दलाल ने गांव मांडोठी में जसौर खेड़ी वाले रोड से बाबा के मकान तक बनने वाले रास्ते का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। दलाल ने बताया कि यह खेतों का रास्ता कच्चा होने की वजह से गांव के लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। यह रास्ता लगभग 24 लाख रुपए में तैयार होगा। यह रास्ता बनने के बाद किसान और मजदूरों का खेतों में आना-जाना आसान होगा। उनके अनुसार वाटर कूलर लगाने के साथ ही बरसाती पानी की निकासी के काम चल रहे हैं। इस मौके पर पंचायती राज के जेई आशीष कुमार, मनरेगा के जेई नितिन कुमार, चौधरी दिलबाग सिंह, ओमप्रकाश मलिक, रामकुमार जांगड़ा, अमर सिंह देशवाल, सीटू पहलवान, योगेंद्र सेठ व रामवीर दलाल आदि मौजूद रह



बहादुरगढ़। मांडोठी में सड़क निर्माण का शुभारंभ करते संजय दलाल। फोटो : हरिभूमि

### कबाड़ की दुकान में आग लगाने का केस दर्ज

**कुंड।** बस स्टैंड से कुछ दूरी पर एक कबाड़ की दुकान में लगी आग के बाद पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ आगजनी का केस दर्ज किया है। आरंभिक जांच में पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए जमीनी विवाद के कारण रंजिश में केस दर्ज कराना स्वीकार किया है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस शिकायत में पाली निवासी रविकांत ने बताया कि 13 जून को उसकी कबाड़ की दुकान में आ लग गई थी। आग लगने से पहले दुकान के पास बैठकर तीन लोग शराब पी रहे थे। उसने आरोप लगाया कि इन्हीं लोगों ने दुकान को आग लगाई है। पड़ोस में लगे सीसीटीवी में आग लगाने वाले लोग नजर आ रहे हैं, परंतु उनकी पहचान नहीं हो रही है। उसने बताया कि आग से उसका करीब 3 लाखे का सामान जल गया।

# योगाभ्यास कर रहे बीआरजी के धावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आमजन को फिटनेस के प्रति जागरुक कर रहे बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप ने बीमारियों से दूर रहने के लिए योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बीआरजी के 21 सदस्य 21 जून तक प्रतिदिन 21 सूर्य नमस्कार कर रहे हैं। सेक्टर-9 स्थित बी आर जी प्वाइंट पर 10 दिवसीय विशेष शिविर लगाया जा रहा है।

दीपक छिल्लर ने बताया कि यहां लोगों को योग के टिप्स दिए जा रहे हैं। शिविर में विशेष योगाभ्यास एवं प्राणायाम की क्रियाएं सिखाई जा रही हैं। एक शोध के अनुसार प्रतिदिन 20 मिनट तक योगासनों का अभ्यास दिमाग के लिए ट्रेडमिल पर घंटों दौड़ने जितना फायदेमंद है। योग एक्सपर्ट प्रवीन सांगवान व योगाचार्य शिव कुमार ने योगासन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने सूर्य नमस्कार, पश्चिमोत्तानासन, हलासन, सर्वांगासन, ताड़ासन, नाड़ी शोधन प्राणायाम आदि विभिन्न क्रियाएं करवाई। इस मौके पर कर्नल संतकुमार, भगत सिंह खत्री, बिजय सिंह, दीपक गुलिया, सागर ओहल्यान, जगजीत राठी, अनिल पंतेजा, सुनील कश्यप, सुरेंद्र बेनीवाल, रेखा, प्रिंस, विकास छिल्लर, यश जून, प्रवीन, लक्की, जगदीश राठी, विरोनिका, सुनील कुमार, धर्मवीर, अजय, अनुराग सुमन, योगेश दहिया, सुचेत शौकीन, धर्मवीर, दिनेश पांचाल, शेफाली, सुमन, प्रीति, किरण, विनीता, शर्मिला, संतोष, निधि, प्रथम, विनय, पवन, मिलन आर्य, नवीन, विकास, अजय छिल्लर, संसार कुंडु व गुलाब सिंह आदि ने योगाभ्यास किया।

■ सेक्टर-9 स्थित बीआरजी प्वाइंट पर 10 दिवसीय विशेष शिविर लगाया जा रहा



बहादुरगढ़। सेक्टर-9 में योगाभ्यास करते बीआरजी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### पूर्व आर्मी चीफ दलबीर सुहाग को पितृ शोक

**झज्जर।** रविवार को क्षेत्र के गांव बिसाहन में पूर्व आर्मी चीफ दलबीर सिंह सुहाग के पिता रामफल सिंह का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार हुआ। बता दें कि रामफल सिंह आरआर हास्पिटल में उपचाराधीन थे। उन्होंने अपनी अंतिम सांस शनिवार शाम 7:35 पर ली। रामफल सिंह पिछले करीब 15 वर्षों से अपने बेटे के पास ही रह रहे थे। पूर्व आर्मी चीफ के छोटे भाई कर्नल धर्मबीर ने बताया कि शनिवार की शाम पिता को कुछ बेचैनी हुई। जिसके बाद परिजनों ने उन्हें आरआर हॉस्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां करीब 7:35 पर उन्होंने अंतिम सांस ली। दोपहर बाद गांव बिसाहन में पूर्व आर्मी चीफ दलबीर सुहाग सहित अन्य परिजनों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार हुआ। इस मौके पर ग्राम सरपंच इंद्रजीत, आनरेरी फ्लाइंग आफिसर राजपाल सुहाग, हरेंद्र सुहाग, धर्मबीर, विक्रम, राजू सहित बेरी व आसपास के गांवों से ग्रामीण मौजूद रहे।



# शहीद भगत सिंह पार्क के हालात सुधारने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के शहीद भगत सिंह पार्क की खराब हालत को लेकर स्थानीय लोग नाराज हैं। पार्षद प्रतिनिधि ने पार्क में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दिखाते हुए हालात सुधारने की मांग की है। वार्ड नंबर-15 के पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र राठी के अनुसार स्थानीय लोगों ने पार्क में फैली अव्यवस्थाओं से उन्हें अवगत करवाया। पार्क के अधिकांश क्षेत्र में घास नहीं है, ना ही शौचालयों में साफ-सफाई की कोई व्यवस्था है। पेड़-पौधे भी रखरखाव के अभाव में खराब हो रहे हैं। चारदीवारी जर्जर अवस्था में है और झूले भी टूटे हुए हैं।

रात के समय पार्क में अंधकार छाया रहता है। जिससे आपराधिक घटनाएं होने का भय बना रहता है। उन्होंने नगर परिषद से पार्क की व्यवस्थाएं सुधारने की मांग की। इस मौके पर हरिओम प्रधान, एडवोकेट विपिन प्रधान, एडवोकेट कार्तिक, बीरु, कप्तान राठी, भारत नागपाल, सूरजभान व राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

■ पार्क के अधिकांश क्षेत्र में घास नहीं है, न ही शौचालयों में साफ-सफाई की कोई व्यवस्था



बहादुरगढ़। पार्क का बदहाल शौचालय दिखाते भूपेंद्र राठी व हरिओम प्रधान।

## खबर संक्षेप

### गाड़ी चालक का रास्ता रोककर मारपीट

**धारूहेड़ा।** करण वाटिका के पास एक गाड़ी चालक का रास्ता रोककर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। यूपी के मोहम्मदपुर राई निवासी गाड़ी चालक धर्मेंद्र ने बताया कि उसका खुशखेड़ा में धर्मेंद्र नाम के युवक के साथ विवाद हो गया था। इसके बाद वह गाड़ी लेकर मुजफ्फरनगर के लिए चला था। करण वाटिका के पास एक कार और बाइक से आए कुछ लोगों ने उसकी गाड़ी रुकवाकर मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपी वहां से फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### किसान के खेत से फव्वारा नोजल चोरी

**धारूहेड़ा।** मालाहेड़ा में रात के समय चोर एक किसान के खेत से फव्वारा नोजल कर ले गए। पुलिस शिकायत में हरिओम ने बताया कि उसने कपास की खेती की हुई है। फसल को पानी लगाने के लिए उसने अपने खेत में फव्वरा सैट लगाया हुआ है। रात के समय चोर खेत से 9 फव्वारा नोजल चोरी कर ले गए। सुबह जब वह खेत में गया तो उसे नोजल गायब मिले। काफी तलाश के बाद भी चोरों का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### बड़ों के साथ-साथ बच्चों में सेवा करने का जज्बा देखने को मिला

# छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया शरबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बढ़ती गर्मी में राहगीरों को प्यास से निजात दिलाने के लिए शीतल पेय पिलाने का सिलसिला शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में जोर पकड़ने लगा है। रविवार को क्षेत्र के गांव एमपी माजरा के युवकों द्वारा गांव के बस स्टैंड पर छबील का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ों के साथ-साथ बच्चों में सेवा करने का जज्बा देखने को मिला। उन्होंने जहां छोटे वाहनों को रूकवा कर ठंडा शरबत पिलाया वहीं रूट पर चलने वाली बसों को भी रुकवा कर उसमें बैठी सवारियों को शीतल जल पिलाया। इस दौरान अंश, छोटे, शिवम, देव, अंशु, दिनेश, रवि, प्रवीण, सत्यवान, राजू, संदीप आदि ने सेवाएं दी।


झज्जर। एमपी माजरा गांव के बस स्टॉप पर राहगीरों को शरबत पिलाते हुए बच्चे।

### गंगा दशहरा पर भंडारा

**बहादुरगढ़।** शहर के लाल बहादुर शास्त्री पार्क में रविवार को गंगा दशहरा के पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और भगवान से परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। पंडित महेंद्र शर्मा ने बताया कि गंगा दशहरा हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है। इस दिन माता गंगा की पूजा का विधान है। रविवार को हस्त नक्षत्र, सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और रवि योग के बीच गंगा दशहरा मनाया गया। यह दिन भक्तों के लिए बेहद शुभ रहा। रविवार को रोहतक रोड पर स्थित लाल बहादुर शास्त्री पार्क में आयोजित भंडारे में पहुंचे श्रद्धालुओं ने ईश्वर से परिवार की सुख समृद्धि की कामना की और प्रसाद ग्रहण किया।


बहादुरगढ़। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि


बहादुरगढ़। हवन में आहुति डालते नवीन जयहिंद, हेमंत पंडित व अन्य।

### परशुराम जन्मोत्सव पर हुआ हवन-भंडारा

**बहादुरगढ़।** रविवार को गंगा दशहरा एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान श्री परशुराम सेवादल और भगवान श्री परशुराम युवा सेना की तरफ से 22वें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर नवीन जयहिंद भी दलबल के साथ पहुंचे और हवन में आहुति डाली। सबके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करने के साथ ही भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में हेमंत पंडित, पुरुषोत्तम वत्स, धर्मेंद्र, हरिओम वत्स, मुक्षु, हरेंद्र, दिनेश, पंकज कौशिक, मोहित, ध्रुव वत्स, उज्जवल व देव वत्स आदि मौजूद रहे। इस मौके पर नवीन जयहिंद ने बताया कि ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को मां गंगा का अवतरण पृथ्वी पर हुआ था। इस दिन गंगा स्नान करने से कई तरह के पापों से मुक्ति मिलती है, मोक्ष की प्राप्ति होती है। जीवन में सुख-शांति का आगमन होता है। उनके अनुसार भगवान परशुराम किसी एक समाज के नही है, बल्कि वे सर्व समाज के भगवान और न्याय के देवता है। उनके अनुयायी दूसरों की मदद के लिए लिए हमेशा सबसे आगे खड़े रहते हैं।



### भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**झज्जर।** शहर के बादली रोड पर मंडी मोहल्ला वाली श्मशान भूमि परिसर में नव निर्मित मंदिर के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजक समिति प्रधान भूप सिंह काकरान ने बताया कि मंदिर में उनके कुलदेवता की समाधि है। जिनका चिमटा व धूना वर्तमान में मंडी मोहल्ला में स्थित है। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर जयपाल काकरान, जसवंत काकरान, जितेंद्र काकरान, शशिभूषण, होशियार सिंह, कर्मबीर, रवि, तेजराम दहिया, रोहतास, संजय, महेंद्र, जयंत सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। राहगीरों में ग्लूकोज युक्त शीतल पेय पिलाते हुए संस्था सदस्य।

### राहगीरों को पिलाया ग्लूकोज युक्त शीतल पेय

**झज्जर।** सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया तथा इंडेप्थ विजन फाउंडेशन द्वारा फादर्स-डे के उपलक्ष्य में रविवार को शहर के छिक्कारा चौक पर ग्लूकोज की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई। संस्था सदस्य पूनम देशवाल ने बताया कि गर्मी के दिनों में लोगों की रोग प्रतिरोधी क्षमता कमजोर हो जाती है। ग्लूकोज युक्त शीतल पानी ने राहगीरों के लिए इम्युनिटी बूस्टर का कार्य किया। इस मौके पर संस्था सदस्य मनोज कुमार, साहिल, यश जांगड़ा, योगेश, संदीप, प्रवीन, लक्ष्य, पवन, पूनम, खुशी, अश्वनी, पिंकी, प्रीति, धर्मेंद्र, जॉनी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# नवनियुक्त लेफ्टिनेंट अंकित को किया सम्मानित

■ थी एयर फोर्स सिलेक्शन बोर्ड गांधीनगर से एसएसबी पास कर एनडीए में जगह बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भाकली गांव निवासी अंकित कुमार ने लेफ्टिनेंट बनकर अभिभावकों व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उसकी इस नियुक्ति पर ग्रामीणों द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ग्राम सरपंच श्याम सिंह, ब्लॉक समिति प्रतिनिधि सूबेदार सुरेश, बीएल शर्मा, पंडित ओमप्रकाश, सदानंद, कैलाश, देवेंद्र कुमार, अनिल, प्रवीण, प्रदीप, इंद्र आर्य, ईश्वर सिंह, मास्टर दयानंद, रामपत, महिपाल, राम सिंह आदि मौजिज लोगों द्वारा अंकित का फूलमालाओं से स्वागत करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंकित के दादा रूपचंद यादव व पिता अजय कुमार ने बताया कि बीती 15 जून को एयर फोर्स एकेडमी हैदराबाद से एयर चीफ मार्शल एके चौधरी द्वारा अंकित को लेफ्टिनेंट के पद से सम्मानित किया। अंकित कुमार ने श्री एयर फोर्स सिलेक्शन बोर्ड गांधीनगर से एसएसबी पास कर एनडीए में जगह बनाई है। उन्होंने अंकित को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


झज्जर। लेफ्टिनेंट अंकित कुमार को फूलमालाओं से सम्मानित करते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

# 340 ने करवाई जांच, 285 को दिए चश्मे

■ कैंप के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और खानपान के टिप्स देकर जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी द्वारा रविवार को शहर के वार्ड नंबर-25 में स्थित गौरी शंकर मंदिर परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में वार्ड-25 के 340 निवासियों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई। जीवन ज्योति अस्पताल के डाक्टरों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में एचबी, बीपी व शुगर की भी जांच भी निशुल्क की गई। शिविर का शुभारंभ करने पहुंचे भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने बताया कि जांच के दौरान 285 लोगों की दूर व नजदीक की नजर कमजोर मिली। उन्होंने इन सभी 285 लोगों को अपनी तरफ से चश्मे भेंट किए। उनके अनुसार निरोग शरीर ही मनुष्य की असली पूंजी है। आमजन को घरों के आसपास लगने वाले स्वास्थ्य जांच शिविर में आकर स्वास्थ्य की जांच करानी चाहिए ताकि समय रहते बीमारी का पता लग सके और उस बीमारी का समय पर इलाज कराकर व्यक्ति निरोगी रहे। कैंप के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और खानपान के टिप्स देकर जागरूक किया। जीवन ज्योति अस्पताल के मार्केटिंग मैनेजर आशीष भारद्वाज ने बताया कि अस्पताल में ईसीएचएस, दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, मेट्रो व सभी इंश्योरेंस पर कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध है।


बहादुरगढ़। शिविर में लाभार्थी महिला को चश्मा भेंट करते नवीन बंटी।

# पत्रकारिता के आदर्श थे महर्षि नारद


बहादुरगढ़। कार्यक्रम को संबोधित करते महेंद्र बंसल। फोटो :हरिभूमि

■ महर्षि नारद जयंती के मौके पर संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विश्व संवाद केंद्र द्वारा रविवार को महर्षि नारद जयंती के मौके पर संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों व आयोजकों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों का सम्मान किया। आरएसएस के जिला संघचालक महेंद्र बंसल के सानिध्य में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन युद्धवीर भारद्वाज ने की। मुख्य वक्ता के रूप में सहायक प्रोफेसर डॉ. रविंद्र सिंह ने अपने विचार रखे।

शहर की छोटूराम धर्मशाला में हुए कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने नारद जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर नमन किया। अजय नारायण शर्मा ने 'देश हमें देता है सब कुछ' गीत गाकर देशभक्ति के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण गोपाल विद्यार्थी, शील भारद्वाज, रवींद्र राठी, योगेंद्र सैनी, प्रदीप धनखड़, उमेद सिंधु, सुशील वत्स, प्रदीप कुमार, नरेश कुमार, मुकेश शर्मा व अजय अहलावत समेत कई पत्रकारों का सम्मान किया गया। डॉ. रविंद्र सिंह ने कहा कि विश्व के प्रथम पत्रकार नारद जी रहे। वह लोक मंगल की कामना को लेकर चले थे। आज के दौर में भी पत्रकारों को लोक मंगल की कामना को लेकर चलना चाहिए। युद्धवीर भारद्वाज ने कहा कि खबरें वही देनी चाहिए, जो समाज के लिए लाभप्रद हों। महेंद्र बंसल ने कहा कि नारद जी पत्रकारिता के आदर्श हैं। दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता को सच पर ही आधारित होना चाहिए। जो लोग अपनी विरासत और अपने इतिहास को याद रखते हैं इतिहास भी उन्हें हमेशा याद रखता है। इस मौके पर संदीप आर्य, भास्कर वत्स व अजय भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# अलग-अलग स्थानों से दो मोटरसाइकिल चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले में अलग-अलग स्थानों से दो मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत पीड़ितों द्वारा पुलिस को दर्ज कराई है। फतेहपुरी गांव निवासी युद्धवीर ने बताया कि वह एक फाइनेंस कंपनी में शाखा प्रबंधक के तौर पर कार्यरत है। बीती 14 जून की शाम वह अपनी बाइक पर साथी कर्मचारी आशीष को छोड़ने के लिए नया बस स्टैंड गया था। आशीष को छोड़ने के बाद वह मोटरसाइकिल खड़ी करके वॉशरूम चला गया। इसके उपरांत करीब दस मिनट बाद जब वह लौटा तो उसकी बाइक चोरी हो चुकी थी। उसने अपने स्तर पर बाइक की तलाश भी लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

दूसरी ओर दातौली गांव निवासी फरमील ने पुलिस को दर्ज कराई शिकायत में कहा है कि बीती 25 मई की शाम करीब सात बजे वह अपने मोटरसाइकिल में चाबी लगी छोड़ कर एक दुकान से सामान लेने गया था। सामान लेकर जब वह वापिस लौटा तो उसकी मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी थी। फरमील के अनुसार उसने किस्तों पर बाइक खरीदी थी जिसमें से 18 किस्तें अभी बाकी है।

### संत सुरेहती बने भारतीय खाद निगम की राज्य परामर्श समिति के सदस्य

**झज्जर।** भाजपा कार्यकर्ता एवं गोसेवा आयोग हरियाणा के पूर्व सदस्य संत सुरेहती को भारतीय खाद निगम राष्ट्रीय क्षेत्र दिल्ली की राज्य परामर्श समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। भारतीय खाद निगम भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा भेजे गए पत्र के अनुसार उनकी यह सदस्यता आगामी दो वर्षों या अगले आदेशों तक जारी रहेगी। इस नियुक्ति पर संत सुरेहती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पूर्व सांसद डॉक्टर अरविंद शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि वे पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेवारी को निष्ठापूर्वक निभाएंगे।



# पेयजल बचाने के लिए लोगों को किया जा रहा जागरुक

■ पेयजल की समुचित आपूर्ति के साथ उसका शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण होना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जलापूर्ति विभाग भी भीषण गर्मी में पेयजल की बर्बादी रोकने के लिए गांवों में जागरुकता अभियान चला रहा है। इस अभियान के दौरान बीआरसी मीनू वत्स ने कहा कि पेयजल की समुचित आपूर्ति के साथ उसका शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण होना आवश्यक है। उनके अनुसार व्यर्थ बह रहे पानी को बचाकर शेष ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाया जा सकता है। जेई विशाल खत्री ने फ्रूल कनेक्शन और पेयजल आपूर्ति लाइनों के उचित रखरखाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शन काटने का अभियान चलाया जाएगा। ऐसे उपभोक्ता स्वयं अवैध कनेक्शन कटवा लें तो बेहतर रहेगा।


बहादुरगढ़। टूटी बंद रखने की सलाह देती बीआरसी मीनू वत्स। फोटो :हरिभूमि

**जागरूकता** गांव लुहारी में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत पुलिस टीम ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

# ग्रामीणों को दिलाई ड्रग को ना, जीवन को हां की शपथ

■ नशे से हमें जन-धन की हानि होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रविवार को क्षेत्र के गांव लुहारी में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत पुलिस टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि नशे से हमें जहां जन-धन की हानि होती है वहीं नशा करने वाले व्यक्ति को समाज में एक गलत की दृष्टि से देखा जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने बच्चों का पालन पोषण भी अच्छे से नहीं कर पाता। जिससे उसकी आने वाली पीढ़ी भी बर्बादी की तरफ बढ़ जाती है। इस दौरान ड्रग को ना, जीवन को हां की शपथ भी दिलाई गई।


झज्जर। नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि


बहादुरगढ़। कैंटर चालकों को जागरुक करते यातायात पुलिस प्रभारी।

### अपराध है नशा करके वाहन चलाना

**बहादुरगढ़।** यातायात पुलिस द्वारा लगातार सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को बराही रोड स्थित दा माजदा कैंटर यूनियन में ड्राइवरों को नशा नहीं करने के लिए प्रेरित किया गया। यातायात थाना प्रबंधक विकास कुमार ने किसी प्रकार का नशा नहीं करने की सलाह दी। उनके अनुसार किसी प्रकार के नशे का सेवन करके वाहन चलाना अपराध है। आरएसओ सतीश शर्मा ने वाहन चालकों को नशा नहीं करने की शपथ दिलवाई। एसआई देवेंद्र हुड्डा ने नशीले पदार्थ बेचने वालों की जानकारी पुलिस को देने का आह्वान किया। इस अवसर पर बलजीत सिंह और दिनेश भी उपस्थित रहे।

# नशीले पदार्थों की सप्लाई करने पर सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



जिला पुलिस द्वारा जहां नशे के दुष्प्रभाव के प्रति आमजन को जागरूक किया जा रहा है वहीं नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जा रही है। डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन ने बताया कि जिन आरोपियों के पास ज्यादा मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद हुआ है, उन्हें पुलिस ने अपनी एक विशेष हिस्ट्री की कैटेगरी में डाल रखा है। जिसका मुख्य उद्देश्य ऐसे अपराधियों को ज्यादा से ज्यादा सजा करवाना होता है। नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा उन स्थानों पर भी छापेमार कार्रवाई की जा रही है जो नशीला पदार्थ बेचते हैं। नशीले पदार्थों के कारोबार की चैन को तोड़ने के लिए पुलिस कई अन्य राज्यों में उड़ीसा, तेलगाना आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश व बिहार और वहां से ऐसे अपराधियों को भी गिरफ्तार करके लाई है, जो वहां पर नशीला पदार्थ बेचते हैं। आमजन से अपील करते हुए कहा कि नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले लोगों की सूचना पुलिस को दें।

**खबर संक्षेप**

## सरेआम सट्टा खाईवाली करते 3 काबू

**बहादुरगढ़।** पुलिस ने शहर के छोटूराम नगर के निकट सरेआम अवैध सट्टा खाईवाली करते तीन आरोपियों को काबू किया। पुलिस ने छोटूराम फाटक के निकट आवाज लगाकर सट्टा खाईवाली करते हुए सोनू व बिलाल निवासी बवाना और सचिन पंघाल निवासी जाखौदा को धर दबोचा। उनके कब्जे से कुल 1500 रुपए मिले। उनके विरुद्ध गैंबलिंग एक्ट की धारा 13अ-3-67 के तहत अभियोग अंकित किया है।

## दुकान के बाहर से बाइक चोरी

**बहादुरगढ़।** दुकान में दूध की थैली लेने गए ग्राहक की बाइक चोरी हो गई। जी हां, जसौरखेड़ी निवासी बाइक को जयभगवान की दुकान के सामने खड़ा करके दूध की थैली लेने के लिए गया था। जब बाहर आया तो बाइक गायब थी। उसने गांव के ही एक युवक पर चोरी का संदेह व्यक्त किया है।

## बुपनिया समेत कई गांवों में निकली योग यात्राएं

**बहादुरगढ़।** इन दिनों हर गांव में योग जागरण यात्राएं निकाली जा रही हैं। आयुष विभाग में कार्यरत रेनू सिंधु और पूनम छिकारा ने गांव बुपनिया, देसलपुर, नूना माजरा व इस्माइलपुर में लोगों को योग के प्रति जागरूक करने के लिए योग यात्राएं निकाली। उनके अनुसार योग से कई शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ होते हैं।

## दो युवकों पर लगाया डंफर चोरी का आरोप

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव वजीरपुर निवासी व्यक्ति पर दो युवकों पर डंफर चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में प्रदीप ने बताया कि उसने खेतीबाड़ी के कार्य के लिए ट्रैक्टर तथा दो पहिया डंफर ले रखा है। बीते 14 जून की रात उसने अपना डंफर प्लाट में खड़ा किया था जो चोरी हो गया। प्रदीप के अनुसार रविवार की अलसुबह उसे दो युवक अपने घर के पास खड़े दिखाई जिन्हें उसने अपने भाई की मदद से पकड़ लिया और डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचित किया। इसके बाद वे युवक मौके का फायदा उठाकर भाग निकले।

## 18 की बजाय 23 जून को होगा इग्नू का एग्जाम

**झज्जर।** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी(इग्नू), शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार, क्षेत्रीय केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉक्टर धर्मपाल ने बताया कि इग्नू की जून 2024 सत्रांत परीक्षाएं अभी चल रही है जो कि 15 जुलाई 2024 तक चलेंगी क्षेत्रीय केंद्र करनाल के अंतर्गत पूरे हरियाणा में कुल 38 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए है। जहां इग्नू की परीक्षाएं सुचारू ढंग से आयोजित की जा रही है, लेकिन 18 जून को होने वाली इग्नू की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई है, क्यूंकि 18 जून को यूजीसी नेट के एग्जाम के कारण इग्नू का एग्जाम अब 23 जून को कर दिया गया है।

# जगह-जगह आबाद अवैध पीवीसी गोदाम दे रहे प्रशासन को चुनौती

■ छोटूराम नगर, परनाला, बामड़ोली से लेकर बहादुरगढ़ के बाइपास पर खेतों में बढ़ा प्लास्टिक कचरे का काला कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

पर्यावरण के लिए प्लास्टिक कचरा एक चुनौती के रूप में उभर रहा है। अब तक बने सारे कानून और नियम सिर्फ किताबी साबित हो रहे हैं। शहर के बाइपास से लेकर छोटूराम नगर, गांव परनाला व बामड़ोली आदि में प्रशासन की नाक के नीचे अवैध रूप से प्लास्टिक कबाड़ का काला कारोबार फल-फूल रहा है। यह अलग बात है कि जिलाधीश द्वारा धारा-144 लगाकर इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह रोक लगा रखी है। प्लास्टिक कचरे का बढ़ता अंबार पर्यावरण के लिए सबसे बड़े संकट के रूप में उभर रहा है। बता दें कि प्लास्टिक नष्ट होने में 500 से 1000 साल तक लग जाते हैं। शहरों से निकलता प्लास्टिक कचरा जहां पर्यावरण का गला घोंट रहा है, वहीं इंसानी सभ्यता और जीवन के लिए बड़ा संकट खड़ा कर रहा है। प्लास्टिक का उत्पादन, उपभोग और कचरा बनने की प्रक्रिया भयावह रूप से बढ़.रही है। वक्त रहते हम नहीं चेते, तो हमारा पर्यावरण पूरी तरफ प्रदूषित हो जाएगा।



बहादुरगढ़। छोटूराम नगर में अवैध रूप से चल रहा पीवीसी कचरे का कारोबार। फोटो : हरिभूमि

### कार्रवाई की जाएगी



बहादुरगढ़-परनाला के खेतों में विकसित हुई अवैध पीवीसी मार्केट को हटा दिया गया था। जिलाधीश द्वारा धारा-144 लगाकर इसे प्रतिबंधित किया गया है। यदि छोटूराम नगर या आसपास की जमीन पर ऐसी ही अवैध मार्केट विकसित की जा रही है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-अमित दहिया, एसडीओ, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

### इस तरह हो रहा है प्रदूषण

प्लास्टिक रिसाइकिलिंग तभी संभव है, जब इसे विभिन्न रासायनिक घटकों में बारीकी से विभाजित कर दिया जाए। पीईटीई, एलडीपीई, पीवीसी व पीपी आदि की रिसाइकिलिंग के लिए विभिन्न रासायनिक प्रक्रिया की जरूरत होती है। लेकिन यहां अलग-अलग प्रकार के प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर कटिंग मशीन या क्रशर से बारीक रूप दिया जा रहा है। इस दौरान सूक्ष्म प्लास्टिक कण फिजा को प्रदूषित कर रहे हैं।

### लापरवाही पड़ेगी भारी

अदालतों और सरकारों की तरफ से प्लास्टिक संस्कृति पर विराम लगाने के लिए कई फैसले और दिशा निर्देश आए, लेकिन इसका कोई फायदा होता नहीं दिखा। टीकरी बॉर्डर पर जो प्लास्टिक मंडी पर्यावरण को प्रदूषित कर रही थी, वह अब बहादुरगढ़ में आबोहवा को जहरीला बना रही है। कुल मिलाकर प्रशासनिक निष्क्रियता और भ्रष्ट संस्कृति इसके लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं।

**पहले दिल्ली से निकाले गए :** दिल्ली के मुंडका और टीकरी बॉर्डर पर चल रही पीवीसी मार्केट को एनजीटी के आदेशों के बाद विस्थापित कर दिया गया था। लेकिन इस जहरीले प्लास्टिक कचरे ने दिल्ली-हरियाणा की सीमा पर बहादुरगढ़ में जड़ गाड़ ली। बहादुरगढ़ से लेकर परनाला व बामड़ोली गांव के रकबे में बढ़ते प्लास्टिक कचरे को रोकने में प्रशासन पूरी तरह विफल साबित हुआ है।

**लचीला रुख जिम्मेवार :** दुनिया के 40 देशों में प्लास्टिक पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। लेकिन भारत में इस पर लचीला रुख अपनाया जा रहा है। देश में हर साल तकरीबन 56 लाख टन प्लास्टिक कचरे का उत्पादन होता है। पर्यावरणीय लिहाज से यह किसी भी स्थिति में इंसानी सभ्यता के लिए बड़ा खतरा है। यह मिट्टी में पहुंच भूमि की उर्वरा शक्ति नष्ट करता है। दूसरी तरफ मवेशियों के पेट में जाने से जानलेवा साबित होता है।

### आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची दमकल केंद्र की दो गाड़ियां

# निजी अस्पताल में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने समय रहते पाया काबू

■ ऊपरी मंजिल पर आग लगने के कारण फायर ब्रिगेड कर्मियों को करनी पड़ी मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के नजदीक स्थित एक निजी अस्पताल की ऊपरी मंजिल पर बने स्टोर रूम में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई।

अस्पताल कर्मियों को जब पता चला तो उन्होंने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। जिस पर कार्रवाई करते हुए फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। अस्पताल की ऊपरी मंजिल में आग लगी होने के कारण दमकल विभाग के कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि मामले की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने दूसरी गाड़ी भी बुलाई। इसके करीब आधे घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका।

सूचना मिलने के बाद एसीपी शमशेर सिंह ने भी मौके पर पहुंच कर अस्पताल का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि उन्हें करीब साढे.तीन बजे अस्पताल में आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया। स्थिति नियंत्रण में हैं। आग अस्पताल कीतीसरी मंजिल बने स्टोर रूम में लगी थी। इस आगजनी में स्टोर रूम में रखा सामान झुलस गया, इसके अलावा किसी प्रकार का कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है।





झज्जर। ऊपरी मंजिल पर बने स्टोर रूम में लगी आग बुझाते हुए फायर ब्रिगेड कर्मचारी व अस्पताल स्टाफ तथा आग पर काबू पाने के लिए मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियां व साथ लगती इमारत से होकर ऊपर मंजिल पर पहुंचे कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि







झज्जर। बिजली सप्लाई बंद होने के कारण ओपीडी के बाहर खड़े तीमारदार तथा अस्पताल का मौका मुआयना कर बाहर आते हुए एसीपी शमशेर सिंह।

### साथ लगती इमारत की छत बनी सहायक

तीसरी मंजिल पर बने स्टोर रूम में लगी आग बुझाने में साथ लगती इमारत की छत भी सहायक बनी। फायर ब्रिगेड कर्मचारी साथ लगती इमारत की छत से होकर अस्पताल की ऊपरी मंजिल पर पहुंचे। साइड में खाली प्लाट होने के कारण आनन-फानन में पाइपों को ऊपरी मंजिल तक पहुंचाया गया। जिससे फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को अधिक परेशानी नहीं आई।

### शार्ट सर्किट का अंदेशा

इस संबंध में जब अस्पताल संचालक सुनील कादियान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि स्टोर रूम में बिजली की फिटिंग भी है। इसलिए हो सकता है आग शार्ट-सर्किट के कारण लगी हो। हालांकि ऊपरी मंजिल पर लगी आग को बुझाने में फायर ब्रिगेड कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी लेकिन समय पर आग पर काबू पाए जाने के चलते बड़ा नुकसान होने से बच गया।

### बिजली बंद होने पर हुई परेशानी

अस्पताल में दाखिल मरीजों व उनके तीमारदारों को जैसे ही आग लगने का पता चला तो वहां एक बार अफरा-तफरी मच गई। लेकिन ऊपरी मंजिल पर बने स्टोर रूम में आग लगने की सूचना व समय पर फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के पहुंचने के बाद स्थिति सामान्य हो गई। हालांकि इस दौरान सुरक्षा कारणों से बिजली आपूर्ति को बंद कर दिया गया। जिसके कारण मरीजों व उनके तीमारदारों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। ओपीडी कक्ष में बैठे लोग पंखे बंद होने के कारण थोडे परेशान दिखाई दिए।

### दो दिन पहले बिजली निगम परिसर में भी लगी थी आग

बता दें कि बढ़ती गर्मी में हुए शार्ट-सर्किट के कारण बीते शुक्रवार को बिजली निगम कार्यालय परिसर में भी आग लग गई थी। हालांकि वहां भी झाड़-झखंड में लगी आग को फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने समय पर पहुंच कर महज बीस मिनट की मशक्कत के बाद बुझा दिया था। जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। यदि समय पर आग नहीं बुझाई जाती तो आग चंद कदमों की दूरी पर पड़े बिजली केबल के बंडलों में भी लग सकती थी।

## रिवाल्वर के बल पर रुपये छीनने का प्रयास

**झज्जर।** कस्बा बेरी में मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन युवकों द्वारा एक चाय विक्रेता से रुपये छीनने का नाकाम प्रयास करने का मामला सामने आया है। रुपये छीनने में असफल रहे युवक बाद में दुकानदार के सीने पर रिवाल्वर का बट मार कर मौके से फरार हो गए। पुलिस को दी शिकायत में बेरी के बैठान पाना निवासी हंसराज ने बताया कि जब वह शनिवार की दोपहर बाद करीब पौने चार बजे अपने साथी दुकानदार चाय विक्रेता बिजेंद्र के पास बैठा था तो वहां मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक दुकान के अंदर घुस गए। उनमें से एक युवक ने बिजेंद्र की कनपटी पर रिवाल्वर लगाते हुए रुपये छीनने का प्रयास किया। युवकों ने कहा कि जो भी पैसे हैं वे जल्दी से निकाल दो नहीं तो दोनों को मौत के घाट उतार देंगे। इस पर जब उन्होंने शोर मचाया और अन्य दुकानदार इक्ट्ठा होने लगे तो एक युवक ने बिजेंद्र के सीने पर रिवाल्वर का बट मारा तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार छानबीन शुरू कर दी है।

# याकूबपुर के नजदीक हुई गाड़ियों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव याकूबपुर के नजदीक हुई दो गाड़ियों की टक्कर में घायल हुए एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के मथुरा जिले के अबाखेड़ा गांव निवासी धर्मबीर पुत्र अकबर ने बताया कि वह पेशे से ड्राइवर है। बीती 13 जून को जब वह अपने साथी पलवल निवासी हरवीर सिंह पुत्र रतनलाल के साथ चरखी दादरी से गुरुग्राम जा रहा था तो याकूबपुर गांव के नजदीक पीछे से तेज गति से आ रहे एक गाड़ी चालक ने अपनी गाड़ी उनसे आगे निकाल कर अचानक ब्रेक लगा दिए। इस दुर्घटना में हरबीर को गंभीर चोटें आई। इसके बाद उसने गाड़ी मालिक को एक्सीडेंट की सूचना देते हुए घायल हरबीर को राहगीरों की मदद से स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे रोहतक पीजीआई रैफर कर दिया। जिसके बाद वह गाड़ी मालिक के कहने पर हरबीर को पलवल के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में पुलिस ने धर्मबीर की शिकायत पर आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# इंग्लैंड से लौटे रोहित का सेक्टर-6 में हुआ अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इंग्लैंड में टाउन काउंसलर बनने के बाद बोरो काउंसलर बने रोहित अहलावत का स्वदेश लौटने पर बहादुरगढ़ के सेक्टर-6 में नागरिक अभिनंदन किया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों, आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों, समाजसेवियों व वरिष्ठ नागरिकों ने उनका स्वागत-सम्मान किया। साथ ही रोहित के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बता दें कि मूल रूप से गांव धांधलान निवासी सुरेश अहलावत बहादुरगढ़ के सेक्टर-6 में रहते हैं। उनके पुत्र रोहित अहलावत ने पिछले साल ब्रिटेन मे टाउन काउंसलर का चुनाव जीता था और इस साल बोरो काउंसलर का चुनाव जीत लिया। स्वदेश लौटने पर रविवार को सेक्टर-6 स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में उनका अभिनंदन किया गया। इसमें भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश छिकारा, सेवामूर्ति दिनेश कौशिक, पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा, जेजेपी नेता संजय दलाल, भाजपा जिला मंत्री नरेश भारद्वाज, पूर्व पार्षद कुलदीप छिकारा, रोशन मलिक, पूर्व पार्षद जितेंद्र राठी, गजानंद गर्ग, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष महिपाल गुलिया, उपाध्यक्ष सहदेव दहिया, कुलदीप गहलौत, रघुबीर कौशिक, जयवीर यादव, राजेश महलान, रणजीत दहिया आदि ने इंग्लैंड में हरियाणा का नाम रोशन करने वाले रोहित को बधाई दी।



बहादुरगढ़। सेक्टर-6 में रोहित अहलावत को सम्मानित करते स्थानीय निवासी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# सैर के लिए सड़क पर घूमने निकली महिला के गले से तोड़ी चेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के आर्यनगर क्षेत्र में रात को सैर के लिए सड़क पर घूमने निकली महिला के साथ मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों द्वारा चेन छीनने की घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस को दी शिकायत में शहर के आर्य नगर निवासी शर्मिला देवी ने बताया कि वह शनिवार की रात करीब आठ बजे सड़क पर घूमने के लिए अपने घर से निकली थी। इसी दौरान जब वह सड़क पर पैदल घूम रही थी तो पीछे से एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए तीन युवकों ने गले में पहनी हुई उसकी चेन तोड़ ली। इसके बाद वे तलाव रोड की तरफ भाग निकले। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ग्रैंड प्रिक्स प्रतियोगिता में प्राची करेगी देश का प्रतिनिधित्व

**झज्जर।** सीनियर ग्रुप नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करने वाली जिले की मुक्केबाज प्राची धनखड़ चेक गणराज्य में हो रही ग्रैंड प्रिक्स इंटरनेशनल प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि 26 जून तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्राची धनखड़ 63 किलोग्राम वर्ग में भार में महिला अंतर्राष्ट्रीय इंविटेशन मुक्केबाजी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाएगी। शहर के महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम में नियमित अभ्यास करने वाली प्राची पहले भी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुकी है। उन्होंने होनहार खिलाड़ी को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## 303 ग्राम गांजे के साथ काबू

**बहादुरगढ़।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की छापामारी के दौरान यूपी निवासी आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा बरामद किया। पुलिस ने बहादुरगढ़-झज्जर रोड एक होटन के सामने खड़े देवेंद्र निवासी फिरोजाबाद यूपी को काबू किया। संदेह के उपरांत नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी नियुक्त किए गए यूएचबीवीएन के एसडीओ की उपस्थिति में उसकी तलाशी ली गई। उसके कब्जे से अवैध 303 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसके विरुद्ध मादक पदार्थ निरोधक अधिनियम की धारा 20 के तहत अभियोग दर्ज किया गया।

### नए मामलों की सुनवाई के लिए अब केवल एक ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति होगी

# अदालतों में भी ग्रीष्मावकाश, अब एक जुलाई को खुलेंगे कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बेशक सिविल कोर्ट की छुट्टियां एक जून से चल रही थी, लेकिन क्रिमनल कोर्ट लग रही थी और शनिवार को उसका भी आखिरी कार्यदिवस था। अब सिविल व क्रिमनल केसों की सुनवाई के लिए न्यायालय एक जुलाई को खुलेंगे।

नए मामलों की सुनवाई के लिए अब केवल एक ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति होगी। जिसकी कोर्ट में आपराधिक मामलों में पकड़े गए आरोपियों को पेश किया जाएगा। बेशक क्रिमनल लॉयर को सिविल लॉयर के मुकाबले आधी छुट्टियां मिलती हैं, लेकिन उसके बाद भी उनके हौसले कम नहीं होते और क्रिमनल लॉयर इन छुट्टियों का बखूबी आनंद उठाते हैं। तीस जून के बाद अपराधियों के मामलों की सुनवाई नियमित हो जाएगी। अब ऐसी भीषण गर्मी के मौसम में वकील भी परिवार के साथ मौज मस्ती करने का मूड बना चुके हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए ज्यादातर वकील खूबसूरत ठंडे इलाकों को चुन रहे हैं।

### क्रिमनल मामलों की सुनवाई नहीं



रविन छिल्लर

अधिवक्ता रविन छिल्लर ने बताया कि अदालत की सिविल मामलों की कोर्ट 1 जून से बंद हो चुकी हैं, जो 30 जून तक बंद रहेगी और अब 16 जून से क्रिमनल मामलों की भी सुनवाई नहीं होगी। इससे वकीलों के साथ परिजनों की छुट्टियां मनाने की इच्छा भी पूरी हो जाएगी।

### घूमने का मौका मिलेगा



रंजीत राठी

अधिवक्ता रंजीत राठी के अनुसार वकीलों को साल भर में एक बार ही परिवार के साथ लंबे टूर पर घूमने का मौका मिलता है। ऐसे में इस इस मौके को नहीं छोड़ना चाहते। वे हर साल कोर्ट की छुट्टियों में तनाव दूर करने के लिए परिवार के साथ अलग-अलग जगह जाते हैं।

### परिवार के साथ बितेगी छुट्टियां



दीपक वर्मा

एडवोकेट दीपक वर्मा ने बताया कि पूरा साल काम के चक्कर में परिवार को कहीं बाहर लेकर जा नहीं पाते हैं। ज्यादातर छुट्टियां परिवार के साथ बिताना पसंद करते हैं। इस दौरान परिवार को घुमाते भी हैं और धार्मिक स्थलों के दर्शन भी कराते हैं।